# University in News on 23 April 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### लखनऊ विश्वविद्यालय में मेरिट पर दाखिले की तैयारी

माई सिटी रिपोर्टर



ठलखनऊ विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश परीक्षा की प्रणाली में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत विवि अपने दाखिले प्रवेश परीक्षा के बजाय मेरिट के आधार पर कर सकता है।

लॉकडाउन की वजह से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इस बदलाव के बाद विवि को प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं करना होगा। आवेदन फॉर्म में उपलब्ध अभ्यर्थियों के नंबरों के आधार पर मेरिट के आधार पर चयनितों की सूची जारी कर दी जाएगी। इस तरह से प्रवेश परीक्षा के आयोजन में लगने वाला समय बचेगा तथा अभ्यर्थियों की सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी हो जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि परीक्षा के साथ ही प्रवेश परीक्षा का आयोजन भी उनके लिए बड़ी चुनौती है। इसको देखते हुए इस तरह के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। अगर दाखिले के लिए पर्याप्त समय नहीं रहता है तो फिर हम मेरिट आधारित प्रवेश प्रणाली का पालन करेंगे। विवि ने स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 20 मई तक बढ़ा दी है।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन होने पर विवि को इनके लिए प्रश्नपत्र तैयार कराना होगा। इसमें काफी समय लगता है। प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए भी विवि को कुछ समय चाहिए होता है। इसलिए नये विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। लविवि ने इस साल अपनी परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया में पहले ही बड़ा बदलाव किया है। अभी तक लविवि परास्नातक के दाखिले लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर करता था। इस साल ये दाखिले स्नातक की तरह बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिए जाने थे। लॉकडाउन की वजह से इसमें एक बार फिर से बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है।

### अब टैगोर पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थी पढ़ सकेंगे ऑनलाइन किताबें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने लॉकडाउन के दौरान छात्रों के लिए टैगोर पुस्तकालय का ऑनलाइन उपयोग करने की व्यवस्था की है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार टैगोर पुस्तकालय से जुड़कर विद्यार्थी 20 हजार से ज्यादा ऑनलाइन किताबों का लाभ उठा सकेंगे। विवि के टैगोर पुस्तकालय ने सायबर लाइब्रेरी की स्थापना के दौरान नेशनल व इंटरनेशनल पब्लिकेशंस के साथ अनुबंध किया है। असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. प्रविश प्रकाश ने बताया कि सभी प्रकाशकों ने अपनी ई-बुक्स पढ़ने के लिए एक आईडी पासवर्ड दिया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्लयू) प्रो. पूनम टंडन के माध्यम से लविवि के करीब 25 हजार स्टूडेंट्स को ई-मेल और मेसेज से इन्हें भेजा जा चुका है। डॉ. प्रविश प्रकाश ने बताया कि अगर विद्यार्थी को किताबें पढ़ने में समस्या आ रही है तो वे टैगोर लाइब्रेरी की ई-मेल आईडी tagorelibrarylu@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### शौक पूरे कर तनाव से रहें दूर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में बुधवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तहत विद्यार्थियों के लिए 'कोविड-19 के समय कैसे रखें खुद को तनाव मुक्त' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। काउंसलर डॉ. विजयलक्ष्मी ने इसमें विद्यार्थियों से कहा कि घर पर खाली समय में वे तनाव लेने के बजाय किसी न किसी शौक में अपने को व्यस्त रखें। बागवानी, व्यायाम, किताबें पढ़ना या फिर कोई अन्य माध्यम का सहारा लिया जा सकता है। कार्यक्रम का समन्वयन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांश पांडेय ने किया।

## NBT Page 4

### ई-बुक्स, जर्नल और ई-कंटेंट फ्री में पढ़ सकेंगे एलयू स्टूडेंट्स

एलयू ने नैशनल व इंटरनैशनल पब्लिकेशंस के साथ किया टाईअप

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एलयू के स्टूडेंट्स अब निःशुल्क ई-बुक्स, जर्नल और ई-कंटेंट पढ़ सकेंगे। लॉकडाउन में स्टूडेंट्स की परेशानियों को देखते हुए एलयू ने कई नैशनल और इंटरनैशनल पब्लिकेशंस के साथ टाईअप किया है। इसमें एल्सेवियर, स्प्रिंगर, मैकग्रॉ हिल, इन्फोबेस, क्रेडो, पीयरसन जैसे पब्लिकेशंस ग्रुप शामिल हैं। यह सुविधा एलयू की टैगोर लाइब्रेरी के एक्सेस के द्वारा स्टूडेंट्स को मिलेगी।

एलयू टैगोर लाइब्रेरी के असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. प्रवीश प्रकाश ने बताया कि एलयू के स्टूडेंट्स को लॉकडाउन के दौरान काफी पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन पब्लिकेशंस ने अपने लगभग 20 हजार से अधिक ई-बुक्स, जर्नल, रिसर्च और अन्य तमाम कंटेंट, जो एलयू के स्टूडेंट्स के कोर्स में है। उनका निःशुल्क एक्सेस एलयू को दिया है। उन्होंने बताया कि हर एक पब्लिकेशंस ने अपनी ई-बुक्स आदि को पढ़ने के लिए एक आईडी पासवर्ड दिया है, जिसे डीन स्टूडेंट वैल्फेयर (डीएसडब्लयू) प्रो. पूनम टंडन ने एलयू के करीब 25 हजार से स्टूडेंट्स को ई-मेल और मेसेज कर दिया गया है।

## i-Next Page 2

### घर बैठे फ्री में पढ़ें विदेशी पब्लिकेशंस की किताबें

**LUCKNOW (22 April):** एलयू प्रशासन अब अपने स्टूडेंट्स को किताबें फ्री उपलब्ध कराएगा. इसके लिए एलयू ने कई बड़े नेशनल और इंटरनेशनल पब्लिकेशंस से टाईअप किया है. इन पब्लिकेशंस की मदद से स्टूडेंट्स को लॉकडाउन के दौरान फ्री ई-बुक्स, जर्नल एवं कंटेंट ऑनलाइन पढ़ने को मिलेंगे. स्टूडेंट्स को यह सुविधा टैगोर लाइब्रेरी के माध्यम से मिलेगी.

#### 20 हजार से ज्यादा बुक्स

टैगोर लाइब्रेरी के एसिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. प्रवीश प्रकाश ने बताया कि लॉकडाउन के कारण स्टूडेंट्स को हो रही दिक्कतों को देखते हुए यह निर्णय लिया गय है. स्टूडेंट्स को को एल्सेवियर, स्प्रिंगर, मैकग्रॉहिल, क्रेडा जैसे पब्लिकेशंस का कंटेंट पढ़ने को मिलेगा. इन पब्लिकेशंस के 20 हजार से अधिक कंटेंट की तमाम चीजें एलयू के कोर्स से जुड़ी हुई हैं.